संख्या : 63/2015/1031/छप्पन-2015-100/2013

प्रेषक,

एस0के0 रघुवंशी,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
नागरिक उड्डयन,
उ0प्र0, लखनऊ।

नागरिक उड्डयन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 30 जुलाई, 2015

विषय : जनपद बरेली में भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु आपसी समझौते के आधार पर क्रय के लिये प्रस्तावित भूमि की दर और कुल मूल्य का प्रशासकीय अनुमोदन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 149/ए0एस0-37-89/2015, दिनांक 06.5.2015 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से जनपद बरेली में भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु चिन्हित की गयी ग्राम मुड़िया अहमदनगर स्थित भूमि के राजस्व अनुभाग-13 के शासनादेश दिनांक 19.3.2015 द्वारा विहित व्यवस्था के अन्तर्गत निजी भू-स्वामियों से आपसी समझौते के आधार पर क्रय हेतु भूमि की दर और भूमि के कुल मूल्य पर प्रशासकीय अनुमोदन के सम्बन्ध में प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है ।

2- जनपद बरेली में भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु ग्राम मुडिया अहमदनगर स्थित निजी भू-स्वामियों की लगभग 10 हेक्टेयर भूमि चिन्हित की गयी है। आपसी समझौते के आधार पर प्रश्नगत भूमि के क्रय हेतु भूमि का कुल मूल्य रूपये 53,10,30,000/- (रूपये तिरपन करोड़ दस लाख तीस हजार मात्र) आकलित किया गया है। उक्त आकलन निम्नलिखित दरों के आधार पर है :-

क्र0	क्षेत्रफल हेक्टेयर में	दर रूपये में
1	6.579	रूपये 3,00,00,000.00 प्रति हेक्टेयर
2	1.163	रूपये 20,000.00 प्रति वर्ग मीटर
3	0.15	रूपये 12,000.00 प्रति वर्ग मीटर
4	0.15	रूपये 6,000.00 प्रति वर्ग मीटर
5	1.218	रूपये 3,40,00,000.00 प्रति हेक्टेयर
6	0.05	रूपये 10,000.00 प्रति वर्ग मीटर

---2

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

7	0.576	रूपये 4,80,00,000.00 प्रति हेक्टेयर
	योग क्षेत्रफल - 9.886 हेक्टेयर	

3- राजस्व विभाग के शासनादेश दिनांक 19.3.2015 द्वारा निर्धारित नीति के अनुसार आपसी समझौते के आधार पर क्रय हेतु प्रस्तावित भूमि का कुल मूल्य रूपये 50.00 करोड़ से अधिक होने की दशा में भूमि क्रय की दर और भूमि के कुल मूल्य पर प्रशासकीय अनुमोदन शासन के प्रशासकीय विभाग के स्तर से प्रदान किया जाना है।

4- अतएव इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उक्त प्रस्तर-2 में अंकित सारणी के विवरणानुसार जनपद बरेली में भारतीय वायुसेना के एयरपोर्ट पर सिविल एन्क्लेव की स्थापना हेतु ग्राम मुडिया अहमदनगर स्थित निजी भू-स्वामियों की 9.886 हेक्टेयर भूमि आपसी समझौते के आधार पर क्रय करने हेतु भूमि की दर और भूमि के कुल मूल्य रूपये 53,10,30,000/- (रूपये तिरपन करोड़ दस लाख तीस हजार मात्र) पर राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान करते हैं।

कृपया भूमि के क्रय हेतु अपेक्षित अग्रेतर कार्यवाही जिलाधिकारी, बरेली से शीघ्रतापूर्वक सम्पन्न कराने का कष्ट करें ताकि सिविल एन्क्लेव का समयवद्ध निर्माण सम्पन्न कराया जा सके।

5- यह आदेश वित्त विभाग की अशा0 संख्या- ई-7-664/दस-2015, दिनांक 30 जुलाई, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(एस0के0 रघुवंशी)
सचिव।

पृ0सं0 : 63/2015/1031(1)/छप्पन-2015-तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- मण्डलायुक्त, बरेली मण्डल, बरेली।
3- जिलाधिकारी, बरेली।
4- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7
5- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(कृष्ण चन्द्र राय शर्मा)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।